हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 जुलाई 2026

04 बारिश से खेत बने तालाबः रेलवे निर्माण एजेंसी की...



07 सुठालिया परियोजना बांध नहीं, पूरे क्षेत्र में विकास...





## खबर संक्षेप

### प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में सौंदर्यीकरण

**सीहोर।** प्राचीन सिद्ध गणेश मंदिर में सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। पहले मंदिर के सामने का काम पूरा किया गया। अब मंदिर के पीछे की तरफ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धौलपुरी पत्थर लगाया जा रहा है। मंदिर परिसर में अच्छे पौधे लगाए जाएंगे। दूधिया लाइटिंग लगाई जाएगी। इससे रात में भी मंदिर परिसर जगमगाएगा। इसका काम भी किया जा रहा है। सिद्ध गणेश मंदिर के प्रबंधक पुजारी चारु चंद्र व्यास, भुवनेश व्यास, नरेंद्र व्यास ने कहा कि आगे भी भक्तों की सुविधा के लिए सौंदर्यीकरण का काम जारी रहेगा।

### जिले में अब तक औसत 280.6 मिमी बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में मानसून सक्रिय हैं। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 5 जुलाई 2026 को जिले में औसतन 10.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 27.0 मिमी वर्षा जावर तहसील में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा श्यामपुर में 22.0 मिमी, रेहटी में 12.2 मिमी, भैरूंदा में 11.0 मिमी, आष्टा में 7.0 मिमी, इछावर में 4.0 मिमी तथा सीहोर में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बुधनी तहसील में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून 2026 से 5 जुलाई तक जिले में औसतन 280.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि इसी अवधि में गत वर्ष 228.1 मिमी वर्षा हुई थी।

### चक्काजाम के बाद विधायक ने रुकवाया ब्रिज का काम, बोले: पहले बनाओ सर्विस रोड

# विधायक सुदेश राय की चेतावनी के बाद निर्माण एजेंसी ने शुरू करवाया सर्विस रोड का काम

प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध दर्ज कराने के लिए लोगों ने सड़क पर ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की 'सद्बुद्धि' के लिए यज्ञ-हवन किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड और चाणक्यपुरी कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार दोपहर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में कथित लापरवाही और सर्विस रोड नहीं बनने के विरोध में चक्काजाम कर दिया। सैकड़ों की संख्या में लोग ओवरब्रिज के पास सड़क पर उतर आए और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध दर्ज कराने के लिए लोगों ने सड़क पर ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की 'सद्बुद्धि' के लिए यज्ञ-हवन किया। रहवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से सर्विस रोड की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए और जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि उन्हें सिर्फ आश्वासन मिले, जबकि निर्माण कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इसी के चलते उन्हें चक्काजाम जैसा कदम उठाना पड़ा। विधायक सुदेश राय की चेतावनी के बाद निर्माण एजेंसी ने सर्विस रोड का काम शुरू कराया दिया है।

**धूल, कीचड़ और हादसों का बढ़ा खतरा :** प्रदर्शनकारियों के अनुसार, ओवरब्रिज निर्माण की धीमी गति और सर्विस रोड नहीं होने से कॉलोनियों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। धूल, कीचड़ और अधूरे निर्माण के कारण लोगों को रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्विस रोड के अभाव में हर समय सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। रहवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द सर्विस रोड का निर्माण कर समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी ब्रिज कॉर्पोरेशन और प्रशासन की होगी।

**प्रशासन को अल्टीमेटम :** विधायक के इन तेवरों के बाद निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। रहवासियों ने विधायक सुदेश राय के इस कदम की सराहना की है, लेकिन साथ ही ब्रिज कॉर्पोरेशन और प्रशासन को चेताया है कि जब तक धरातल पर सर्विस रोड का काम शुरू नहीं होता, उनका रुख विरोध जारी रहेगा।

### विधायक सुदेश राय ने बंद कराया काम

चक्काजाम और भारी विरोध की सूचना मिलते ही विधायक सुदेश राय तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ जनता के दर्द को समझा, बल्कि अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख



अपनाते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक जनता के लिए सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक ओवरब्रिज का आगे का काम पूरी तरह बंद रहेगा। इतना ही नहीं विधायक ने मौके पर मौजूद कोतवाली टीआई रवीन्द्र से कहा कि कि आप इन सभी निर्माण मशीनों की चाबियां निकाल लें।

### सूने घर में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 40 हजार का चोरी का माल बरामद, घर का ताला तोड़कर घुसा था



**सीहोर।** पुलिस ने नकबजनी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन और रेहटी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

**सूने घर को बनाया था निशाना :** ग्राम पथोडा निवासी जोगेश यादव ने रेहटी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 और 4 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने उनकी दादी के सूने घर में चोरी की। चोर ने घर में घुसकर लोहे की पेटी का ताला तोड़ा और उसमें रखे चार चांदी के कड़े, एक चांदी की चेन और करीब 9 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर रेहटी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(1) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने विशेष टीम बनाई। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने ग्राम पथोडा निवासी विजय कीर को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसी ने रात के समय घर में घुसकर नकदी और जेवरात चोरी किए थे।

**चोरी का पूरा सामान बरामद :** आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 8,500 रुपये नकद, चार चांदी के कड़े और एक चांदी की चेन बरामद कर ली। बरामद माल की कुल कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

## कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर जल पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम

### जोखिमपूर्ण स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती, सूचना बोर्ड लगाकर सतर्क रहने की अपील






अमरगढ़, रामपुरा कलां, कालियादेव और झरनों पर उमड़ेगी भीड़

मानसून की दस्तक के साथ फिर गुलजार होंगे वॉटरफाल, बीते हादसों से सबक की जरूरत

**सीहोर।** जिले में लगातार हो रही वर्षा और जलस्तर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिले के नदी, तालाब, डैम, वॉटरफॉल सहित अन्य जल पर्यटन एवं जोखिमपूर्ण स्थलों पर आमजन की आवाजाही को नियंत्रित करने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रशासन द्वारा संबंधित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करते हुए कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। तैनात कर्मचारी नागरिकों को जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में जाने से रोकने के साथ ही उन्हें आवश्यक सुरक्षा संबंधी जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रमुख जल पर्यटन स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी संबंधी फ्लेक्स और सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों से जलभराव, तेज बहाव एवं गहरे पानी वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की जा रही है।

खबर पर संज्ञान

कलेक्टर बालागुरु के. ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वर्षाकाल के दौरान अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा नदी, तालाब, डैम, वॉटरफॉल एवं अन्य जलाशयों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करें।

## रपटों, पुलों और पुलियों पर पानी होने पर रास्ता पार न करें : कलेक्टर बालागुरू के.

**सीहोर।** वर्षा काल को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने से बचें। उन्होंने नागरिकों से कहा है कि रपटों, पुलों एवं पुलियों पर पानी होने की स्थिति में रास्ता पार करने का प्रयास न करें। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्षा के दौरान नदी, नाले, तालाब, डेम, जलप्रपात (वॉटरफॉल) तथा अन्य जलस्त्रोतों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। इसलिए नागरिक ऐसे स्थानों पर पिकनिक मनाने अथवा घूमने जाने से बचें। उन्होंने अभिभावकों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे बच्चों को नदी, तालाब, नालों एवं अन्य जलाशयों में नहाने या खेलने के लिए जाने से रोकें तथा उनकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों, नगर पालिका सीएमओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के नदी-नालों, तालाबों, डेमों, रपटों, पुल-पुलियों, वॉटरफॉल एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी रखें। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सतर्कता बनाए रखने, लोगों को समय पर सचेत करने तथा आवश्यकता पड़ने पर जोखिम वाले क्षेत्रों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिलेवासियों से मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस को देने की अपील की है।

## नवोदय स्कूल जाने से बचने के लिए नाबालिग ने रची खुद के अपहरण की झूठी कहानी, उज्जैन रेलवे स्टेशन से बरामद

**सीहोर।** नवोदय बोर्डिंग स्कूल जाने के डर से एक 16 वर्षीय नाबालिग लडक़े ने खुद के ही अपहरण की ऐसी झूठी कहानी रच डाली कि पुलिस से लेकर परिजनों तक के होश उड़ गए। उसने इंस्टाग्राम पर अपनी ही बहन को मैसेज भेजकर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी, ताकि घरवाले उसे ढूंढें नहीं और डांट से बच सके। हालांकि पुलिस और साइबर सेल की मुस्तैदी से महजं कुछ ही घंटों में इस पूरी साजिश का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने लडक़े को उज्जैन रेलवे स्टेशन से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम दूरगांव निवासी रामदयाल तंवर का 16 वर्षीय बेटा 1 जुलाई को अचानक घर से बिना बताए कहीं चला गया था। काफी तलाश करने के बाद जब वह नहीं मिला तो परेशान पिता ने अहमदपुर थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### एसपी के निर्देश पर बनी स्पेशल टीम

मामला नाबालिग के लापता होने से जुड़ा था, इसलिए पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी देहात द्वारा तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से लडक़े की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया और संभावित ठिकानों पर दबिश दी।

### और ऐसे खुली किडनैपिंग की पोल

तलाश के दौरान पुलिस को इनपुट मिला कि लडक़ा उज्जैन में है। अहमदपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उज्जैन रेलवे स्टेशन से नाबालिग को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। जब पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो जो हकीकत सामने आई उसने सबको चौंका दिया। नाबालिग ने पूछताछ में बताया मेरा एडमिशन श्यामपुर के नवोदय बोर्डिंग स्कूल में करा दिया गया था, लेकिन मैं वहां पढऩे नहीं जाना चाहता था। इसी डर से मैं 1 जुलाई को बिना बताए बस पकडक़र भोपाल भाग गया। रास्ते में मैंने अपने फोन की सिम निकालकर फेंक दी ताकि कोई मुझे ट्रैक न कर सके। भोपाल से ट्रेन पकडक़र मैं उज्जैन पहुंच गया। घरवालों की डांट के डर से मैंने रेलवे स्टेशन के फ्री वाई-फाई का इस्तेमाल किया और इंस्टाग्राम पर अपनी दीदी को मैसेज भेज दिया कि मेरा किडनैप हो गया है और छोडऩे के लिए 5 लाख रुपये देने होंगे।

### नहीं हुई कोई अनहोनी

नाबालिग ने कुबूल किया कि उसके साथ किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना नहीं हुई है, उसने यह सब सिर्फ हॉस्टल जाने से बचने और घरवालों के डर से किया था। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया है।

### त्योहारों से लेकर अतिक्रमण हटाने तक में मिलेगी मदद

# कोटवारों को मिलेगा पुलिस जैसा प्रशिक्षण कानून व्यवस्था में निभाएंगे सक्रिय भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की आष्टा तहसील में ग्रामीण प्रशासन और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। आष्टा तहसील के कोटवारों को अब संगठित कर पुलिस बल की तर्ज पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखना, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करना और प्रशासनिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है, ताकि जरुरत पड़ने पर यह दल पुलिस और प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर सके।

आष्टा तहसीलदार रामलाल पगारे के सीधे मार्गदर्शन में कोटवार दल को कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कोटवारों को अनुशासन, टीम भावना, सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के गुर सिखाए जा रहे हैं। इसके तहत उन्हें परेड और अनुशासित संचालन, भीड़ प्रबंधन, आपदा की स्थिति में प्राथमिक प्रतिक्रिया, प्रशासनिक कार्यों में सहयोग और जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। खास बात यह है



कि सभी कोटवार अब अपनी निर्धारित यूनिफॉर्म में एक संगठित और अनुशासित दल के रूप में नजर आएंगे, जिससे उनकी एक नई पहचान स्थापित होगी।

### त्यौहारों से लेकर अतिक्रमण हटाने तक में मिलेगी मदद

इस प्रशिक्षित कोटवार दल का उपयोग आगामी प्रमुख त्योहारों, धार्मिक आयोजनों, मेलों, जुलूसों और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में किया जाएगा। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, विभिन्न प्रशासनिक अभियानों, शांति व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण, ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन और प्रशासन तक त्वरित जानकारी पहुंचाने में यह दल पुलिस के मददगार के रूप में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

### कलेक्टर बोले यह बनेगा एक प्रेरणादायक मॉडल

कलेक्टर बालागुरु के. ने तहसीलदार रामलाल पगारे की इस अभिनव पहल की जमकर सराहना की है। कलेक्टर ने कहा कि कोटवार शासन-प्रशासन की आधारभूत इकाई हैं। उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण और अनुशासित कार्यप्रणाली से जोडने से प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। विभिन्न संवेदनशील अवसरों पर इससे पुलिस और प्रशासन को बेहद प्रभावी सहयोग मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आष्टश की यह अनूठी पहल आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल सिद्ध होगी।

**कोटवार ग्रामीण प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी :** तहसीलदार रामलाल पगारे ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि कोटवार ग्रामीण प्रशासन की सबसे जमीनी और महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्हें आधुनिक व अनुशासित प्रशिक्षण देकर उनकी कार्यक्षमता और उपयोगिता को बढ़ाया जा रहा है। इससे वे प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सकेंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

## पटवारी ने गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना, बोले : दतिया चुनाव में कांग्रेस की होगी जीत

### 50 किमी साइकिल चलाकर अचानक सीहोर पहुंचे जीतू पटवारी

**सीहोर।** मध्य प्रदेश की सियासत में साइकिल पॉलिटिक्स की जोरदार एंट्री हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार सुबह सबको चौंकाते हुए अचानक साइकिल चलाते हुए सीहोर पहुंचे। उन्होंने भोपाल से सीहोर तक का पूरे 50 किलोमीटर का लंबा सफर साइकिल से तय किया। जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के उद्देश्य से बिना किसी पूर्व बड़े लाव-लश्कर के शुरू हुई इस यात्रा ने सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जीतू पटवारी के अचानक सीहोर पहुंचने की खबर मिलते ही स्थानीय कांग्रेसी खेमे में सरगर्मी बढ़ गई। सीहोर की सीमा में दाखिल होते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती और शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अचानक मिली सरप्राइज विजिट से स्थानीय कार्यकर्ताओं में एक नया जोश देखने को मिला।

**चिंतामन गणेश मंदिर में टेका माथा :** सीहोर आगमन के तुरंत



बाद जीतू पटवारी सीधे प्रसिद्ध प्राचीन चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। पटवारी ने भगवान गणेश से मध्य प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की।

**अलीबाबा चालीस चोर की तरह चल रही सरकार :** मंदिर परिसर से बाहर निकलने के बाद जीतू पटवारी अपने पुराने आक्रामक अंदाज में नजर आए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इस समय मध्य प्रदेश में अद्भुत और अकल्पनीय भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पटवारी ने तंज कसा कि प्रदेश की वर्तमान व्यवस्था अलीबाबा चालीस चोर की तरह काम कर रही है, जहां चारों तरफ सिर्फ जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने अयोध्या में जमीन घोटालों और उज्जैन के महाकाल लोक निर्माण में हुई कथित लूट का जिक्र करते हुए कहा कि इन गंभीर मुद्दों पर सूबे के मुख्यमंत्री पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।

**दतिया में कांग्रेस की होगी ऐतिहासिक जीत :** इस दौरान पटवारी दतिया विधानसभा उप चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। हालिया दतिया दौरे का अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि दतिया की जनता में भाजपा शासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोग अब इस कुशासन से तंग आ चुके हैं और बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में दतिया से कांग्रेस शत-प्रतिशत ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

**14-15 तारीख से कांग्रेस का बड़ा अभियान :** साइकिल से सीहोर आए पटवारी ने कांग्रेस के आगामी बड़े विजन का भी ऐलान किया। उन्होंने बताया कि आगामी 14 और 15 तारीख को कांग्रेस नई सोच और क्रांतिकारी विचार के साथ पूरे मध्य प्रदेश में जनता के बीच जाएगी।

खबर संक्षेप

### अदालत के आदेश की अवहेलना का आरोप, दो पर एफआईआर

**सीहोर।** शाहगंज थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश की कथित अवहेलना के मामले में 3 जुलाई को दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बुधनी के पत्र के आधार पर हुई। पुलिस के अनुसार ग्राम मुरारी की खसरा नंबर 57/1 भूमि रकबा 1.255 हेक्टेयर से जुड़ा प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने विवादित भूमि की देखरेख, फसल की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत मुरारी के सरपंच को रिसीवर नियुक्त किया था। एफआईआर में दर्ज है कि ग्राम पंचायत मुरारी के सरपंच ने 22 जून को एसडीएम न्यायालय को पत्र भेजा। पत्र में बताया कि विवादित भूमि पर बोई गई मूंग की फसल की कटाई के दौरान पतिराम पिता राधेलाल, गोविंद पिता पतिराम ने विवाद किया। न्यायालय के आदेश के विपरीत फसल काटने का प्रयास किया। इसे आदेश की कथित अवहेलना माना गया। इसके बाद 2 जुलाई को एसडीएम राजस्व बुधनी ने शाहगंज थाना प्रभारी को पत्र भेजा। संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। यह पत्र 3 जुलाई को थाने में मिला। इसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

### छात्रावास में हुआ सामूहिक पौधरोपण, 50 फलदार पौधे लगाए

**सीहोर।** शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास, बिलकिसगंज झागरिया में शनिवार को सामूहिक पौधारोपण हुआ। छात्रावास परिसर में करीब 50 पौधे लगाए गए। इनमें कटहल, आम, जामुन समेत छायादार और फलदार पौधे रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारा सिंह पटेल, धर्म सिंह आर्य, सरपंच प्रतिनिधि राजेश जांगड़े, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेवाड़ा, मनोज मेवाड़ा, ग्रामीणजन पहुंचे। छात्रावास का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। समापन पर छात्रावास अधीक्षक गीता रामफूल बरेला ने अतिथियों, मौजूद लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा, हर साल वर्षाकाल में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। उद्देश्य प्रकृति का संरक्षण, संवर्धन है।

### 11 और 18 जुलाई को ई-लोक अदालत

**सीहोर ।** आष्टा, भैरूंदा, बुधनी, इछावर के तहसील न्यायालयों और जिला न्यायालय में 11 जुलाई को विशेष ई-लोक अदालत होगी। 18 जुलाई को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत चेक बाउंस मामलों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव स्वप्नश्री सिंह के मुताबिक दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पक्षकारों की सुविधा को देखते हुए 11 जुलाई को सीहोर में विशेष ई-लोक अदालत रखी गई है।

किसान बोले: उन्होंने हाल ही में सोयाबीन और मक्का की बुआई की थी, लेकिन जलभराव से फसल सड़ने लगी हैं

# बारिश से खेत बने तालाब: रेलवे निर्माण एजेंसी की लापरवाही से किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

किसानों का कहना है कि उन्होंने हाल ही में सोयाबीन और मक्का की बुआई की थी, लेकिन लगातार जलभराव से फसल सड़ने लगी है। कई खेतों में पानी इतना भर गया है कि फसल पूरी तरह खराब होने की कगार पर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में लापरवाही अब किसानों और आम लोगों पर भारी पड़ रही है। मानसून की पहली ही तेज बारिश ने निर्माण कार्य की खामियों की पोल खोल दी है। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं और कई घरों में पानी घुस गया है। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

तहसील भैरुंदा के इटारसी, बगबाड़ा, आसपास के क्षेत्र में हालात ज्यादा खराब हैं। रेलवे लाइन निर्माण के दौरान प्राकृतिक नाले जिसको क्षेत्र के लोग सलेटी के नाम से जानते हैं, मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया। जैसे ही बारिश हुई, नाले का पानी अपना रास्ता बदलकर सीधे खेतों और घरों की ओर बहने लगा। देखते ही देखते खेतों में पानी भर गया और कई जगह तो घर भी जलमग्न हो गए।

किसानों का कहना है कि उन्होंने हाल ही में सोयाबीन और मक्का की बुआई की थी, लेकिन लगातार जलभराव से फसल सड़ने लगी है। कई खेतों में पानी इतना भर गया है कि फसल पूरी तरह खराब होने की कगार पर है। किसानों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इधर रुजनखेड़ी के ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव के कई किसानों के खेतो में पिछले पांच दिनों से पानी भरा हुआ है, जिसमें मक्का, सोयाबीन की फसलें खराब होने की कगार पर है, इसका मुआवजा रेल्वे निर्माण एजेंसी को देना चाहिए, क्योंकि निर्माण कार्य के दौराजल निकासी नहीं की गई स्थिति पूरी तरह से निर्माण एजेंसी की लापरवाही का नतीजा है। यदि पहले से जल निकासी की सही व्यवस्था की जाती तो इतनी बड़ी समस्या नहीं होती। कई किसानों के घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान भी खराब हो गया है। वहीं अतरालिया-मंडी मार्ग सहित कई जगहों पर बने रेलवे अंडरब्रिज भी लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। बारिश के दौरान इन अंडरब्रिज में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। लोग जान जोखिम में डालकर पानी से गुजरने को मजबूर हैं। पानी के साथ जमा कीचड़ से हालात और खराब हो रहे हैं और फिसलन बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द राहत दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि नुकसान का सर्वे कराया जाए और उन्हें रेलवे निर्माण एजेंसी से मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही जिम्मेदार एजेंसी पर सख्त कार्रवाई की जाए और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था बनाई जाए।

### ये बोले अधिकारी व एजेंसी

भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि रेलवे विभाग को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतो में जहां-जहां जलभराव की समस्या है, वहां जल्द समाधान कराया जाएगा और किसानों को राहत देने के प्रयास किए जाएंगे। वहीं रेलवे निर्माण कार्य कर रही एजेंसी **JPW** के नरेंद्र शर्मा ने कहा कि जिन किसानों के खेतो पर पानी भरने की समस्या आई है, वहां टीम भेजी गई है। मौके पर पानी निकासी का काम शुरू कर दिया गया है और जल्द स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों की शिकायत पर तत्काल टीम मौके भेजी जाएगी।

## घर में घुसा बड़ा सांप, कॉलोनी में दहशत बारिश में बढ़ीं रहवासियों की मुश्किलें

**भैरुंदा।** नगर की स्तुति विहार कॉलोनी में रविवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक रहवासी के घर के अंदर बड़ा सांप घुस गया। अचानक सांप दिखने से परिवार के लोग घबरा गए और घर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद तुरंत सर्पमित्र को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित तरीके से सांप को पकड़ लिया।



हालांकि सांप पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन इस घटना ने कॉलोनी में रहने वाले लोगों की रोजमर्रा की परेशानियों को फिर सामने ला दिया है।

**खाली प्लॉट बने खतरे की वजह :** रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी के आसपास कई खाली प्लॉट पड़े हुए हैं, जिनमें बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। बारिश का पानी भी इन प्लॉट्स में जमा हो जाता है। यही वजह है कि यहां अक्सर सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं है, अक्सर खाली पड़े प्लॉटों में सांप नजर आते रहते हैं, जिससे हमेशा डर बना रहता है।

**सड़कों पर पानी, नहीं है निकासी व्यवस्था :** बारिश के मौसम में कॉलोनी की हालत और खराब हो जाती है। सड़कों पर पानी भर जाता है, लेकिन उसकी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। नालियां या तो बनी नहीं हैं या फिर जाम पड़ी हैं, जिससे हर बारिश में हालात बिगड़ जाते हैं।

**बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा :** रहवासियों की सबसे बड़ी चिंता छोटे बच्चों को लेकर है। बच्चे रोज सड़कों पर खेलते हैं, लेकिन पानी भरे होने और जहरीले जीवों के डर से अभिभावक हमेशा चिंतित रहते हैं।

**मूलभूत सुविधाओं की कमी से नाराजगी :** कॉलोनी के लोगों का कहना है कि यहां सड़क, नाली और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खाली प्लॉटों की सफाई करवाई जाए, जल निकासी की व्यवस्था सुधारी जाए और कॉलोनी में रूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।



## चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श किया प्रदान

### ग्रामीणों ने उठाया निःशुल्क जांच और परामर्श का लाभ

**सीहोर।** बिजोरी शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हृदय रोग, श्वास रोग, शुगर, ब्लड प्रेशर, सिर दर्द, माइग्रेन, कमर एवं गर्दन दर्द, महिलाओं से संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न बीमारियों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया।

अटल अस्पताल एवं साहस महिला/बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शासकीय विद्यालय बिजोरी में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव में ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिलने से उन्हें बेहतर स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त हुआ।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर के सफल आयोजन में आकाश वर्मा (पमपू ) का विशेष सहयोग एवं सक्रिय योगदान रहा। स

थानीय ग्रामीणों ने उनके सामोजिक प्रयासों की सराहना करते हुए इस तरह की जनसेवा गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

## सिविल अस्पताल में स्टाफ की कमी, 18 डॉक्टरों के स्थान पर सिर्फ 5 तैनात

**भैरूंदा ।** नगर के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी है। मरीजों को इलाज में दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल वर्षों से स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। इलाज की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल में डॉक्टरों के 18 पद स्वीकृत हैं। अभी सिर्फ 5 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। दंत विभाग में 2 डॉक्टर हैं। इनमें से एक महिला दंत चिकित्सक मरीजों का इलाज कर रही है। वार्ड बॉय और नर्सिंग स्टाफ की जरूरत करीब 40 की है। उपलब्धता करीब 15 नर्सिंग स्टाफ की है।

लोगों का कहना है कि भैरूंदा तहसील की 101 ग्राम पंचायतों के साथ नगर के लोग भी इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। अस्पताल में हर दिन 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। स्टाफ की कमी के कारण कई मरीजों को दूसरे क्लीनिक और अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। सीबीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत ने बताया कि अस्पताल में स्टाफ की कमी है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। एक डॉक्टर का भी तबादला इस मुद्दे को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गोलिया ने आरोप लगाया की भैरूंदा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व लंबे समय तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री होने के बावजूद अस्पताल में आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था नहीं हो सकी। निजी अस्पतालों को लाभ पहुंचाने और रेफरल व्यवस्था को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में सेवाएं दे रहे डॉक्टर राहुल दांगी का भी तबादला कर दिया गया है।

## छिदगांव काछी स्कूल में 300 बच्चों पर सिर्फ 3 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील की ग्राम पंचायत छिदगांव काछी में एक परिसर-एक शाला की व्यवस्थाओं ने शिक्षा विभाग के दावों की पोल खोल दी है। नर्सरी से 12वीं तक चल रहे स्कूल में करीब 300 छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। पूरे स्कूल की जिम्मेदारी सिर्फ तीन स्थायी शिक्षकों पर है। व्यवस्थाएं देख रहे श्रीराम कुशवाहा ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मिलाकर केवल तीन शिक्षक ही कार्यरत हैं। कम स्टाफ के कारण सभी कक्षाओं का संचालन चुनौती बना हुआ है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना भी मुश्किल हो रहा है। स्कूल में मूलभूत सुविधाएं भी कमजोर हैं। विद्यार्थियों को अब तक स्कूल ड्रेस नहीं मिली है। पाठ्यपुस्तकों का वितरण अब शुरू हुआ है। पात्र विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण भी अभी तक नहीं हुआ है। विद्यालय परिसर में तीन भवन क्षतिग्रस्त हालत में हैं। इनमें दो रसोईघर भी शामिल हैं। एक किचन की छत से पानी टपकता है। बारिश में रसोइयों को पन्नी चढ़ाकर पानी के बीच भोजन बनाना पड़ रहा है। इससे बच्चों के मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी जोखिम में दिख रही है। लोगों के अनुसार पहले एक शिक्षक प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। हाल ही में उनका स्थानांतरण हो गया। इसके बाद शिक्षकों की संख्या और कम हो गई। शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग पर आर-पार की लड़ाई, अनिश्चितकालीन धरने की तैयारी

# भैरुंदा में आज बड़ा किसान आंदोलन, 5 हजार ट्रैक्टरों के साथ सड़कों पर उतरेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मूंग की 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्रति एकड़ 6 क्विंटल उपार्जन की मांग को लेकर भैरुंदा और रेहटी क्षेत्र के किसानों ने आज बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में आज सोमवार सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी परिसर भैरुंदा से विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी, जो डेरा डालो-घेरा डालो आंदोलन में तब्दील होगी।

किसान नेताओं का दावा है कि इस आंदोलन में 200 से अधिक गांवों से करीब 5 हजार ट्रैक्टर और 10 हजार से ज्यादा किसान शामिल होंगे। हर गांव से कम से कम 50 ट्रैक्टर लाने की तैयारी की गई है। पिछले कई दिनों से गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाकर किसानों को आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है।



**भैरुंदा।** किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारी गांव गांव जन संपर्क करते हुए, किसानों को आंदोलन में टैक्टर वाहन के साथ शामिल होने के लिए अपील करते हुए



**भैरुंदा।** घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के लिए तैयार ग्राम मलाजपुर से

### अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

किसानों ने साफ कर दिया है कि यदि प्रशासन और सरकार ने उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया और जिला कलेक्टर मौके पर पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन स्वीकार नहीं करते, तो आंदोलन को तुरंत अनिश्चितकालीन धरने में बदल दिया जाएगा। किसान नेताओं का कहना है कि इस बार बिना ठोस समाधान के आंदोलन समाप्त नहीं होगा। आंदोलन लंबा चलने की संभावना को देखते हुए किसानों से ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ तंबू, बिस्तर, राशन, गैस सिलेंडर, चूल्हा और अन्य जरूरी सामान साथ लाने की अपील की गई है। संगठन ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर किसान सड़क पर ही भोजन बनाएंगे और वहीं विश्राम करेंगे।

### यातायात प्रभावित होने की संभावना

बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों की आमद को देखते हुए क्षेत्र में यातायात प्रभावित होने की आशंका है। कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन सकती है। किसानों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम करने की मांग की है।

**मुख्य मांगें :** किसानों की प्रमुख मांगों में 100% मूंग खरीदी, प्रति एकड़ 6 क्विंटल उपार्जन, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करना, खाद और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता, मक्का और सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी, गोपालपुर सिंचाई परियोजना को पूरा करना तथा भूमि अधिग्रहण में चार गुना मुआवजा शामिल है।

**गांव-गांव मिल रहा समर्थन :** भैरुंदा और रेहटी क्षेत्र में लगातार बैठकों और चौपालों के माध्यम से किसानों को जोड़ा जा रहा है। किसान नेताओं का दावा है कि इस बार क्षेत्र का किसान पूरी एकजुटता के साथ आंदोलन में उतर रहा है। कई व्यापारिक संगठनों ने भी किसानों को समर्थन देने की बात कही है।

## सोने का मंगलसूत्र लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**भैरुंदा।** ईमानदारी आज भी जिंदा है, इसका एक अच्छा उदाहरण भैरुंदा में देखने को मिला। यहां एक युवक ने सड़क पर मिला 60हज़ार कीमती सोने का मंगलसूत्र उसके असली मालिक को लौटाकर मिसाल पेश की है।

जानकारी के अनुसार रविवार को चकल्दी निवासी अभिषेक यादव अपनी पत्नी के साथ भैरुंदा नगर बस स्टैंड स्थित बाबा नाश्ते की दुकान पर नाश्ता करने आए थे। इस दौरान महिला के पर्स में रखा सोने का मंगलसूत्र अनजाने में नीचे गिर गया। नाश्ता करने के बाद दंपति अपने गांव लौट गए।

उधर, दुकान के पास ही खड़े चीच निवासी राम पंवार की नजर उस मंगलसूत्र पर पड़ी। उन्होंने उसे सुरक्षित अपने पास रख लिया। घर पहुंचने के बाद जब दंपति ने मंगलसूत्र नहीं पाया तो वे वापस भैरुंदा पहुंचे और जानकारी जुटाई।



दुकान संचालक ने उन्हें राम पंवार के बारे में बताया, जिसके बाद दंपति उनके घर पहुंचे। पहचान होने पर राम पंवार ने बिना किसी लालच के मंगलसत्र उन्हें लौटा दिया। राम पंवार की इस ईमानदारी की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि आज के समय में ऐसी मिसालें समाज में विश्वास को मजबूत करती हैं।

## वृहद सिंचाई परियोजना का राज्यमंत्री ने किया स्थल निरीक्षण

# सुठालिया परियोजना बांध नहीं, पूरे क्षेत्र में विकास के लिए आधारशिला है: पंवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शनिवार को प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने स्थल पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मुख्य बांध सहित परियोजना के विभिन्न कार्यों का अवलोकन कर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों, उच्च गुणवत्ता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्वती नदी पर राजगढ़ जिले की सुठालिया तहसील की बैराड ग्राम के नजदीक निर्मित हो रही यह परियोजना प्रदेश की प्रमुख वृहद सिंचाई योजनाओं में शामिल है। वर्ष 2018 में इस परियोजना को 1,375.24 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी।

### 49,800 हेक्टेयर भूमि होंगी सिचिंत

साथ ही परियोजना अंतर्गत लगभग 25.50 मीटर ऊंचा, लगभग 4 किलोमीटर लंबा तथा 20 रेडियल गेटयुक्त कंपोजिट बांध निर्मित किया जा रहा है।बांध की सकल जल भंडारण क्षमता 201.35 मिलियन घनमीटर तथा लाइव स्टोरेज क्षमता 183.70 घनमीटर होगी। इसके साथ दो अत्याधुनिक पंप हाउसों का निर्माण कर प्रेशराइज्ड पाइपलाइन आधारित आधुनिक सिंचाई प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे लगभग 49,800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

### परियोजना से 174 गांवों को मिलेगा सिंचाई लाभ

अधिकारियों ने बताया कि परियोजना से 174 ग्रामों को प्रत्यक्ष सिंचाई लाभ मिलेगा, जिनमें सुठालिया तहसील के 73, ब्यावरा तहसील के 71 तथा नरसिंहगढ़ तहसील के 30 ग्राम शामिल हैं। ग्राम मऊ एवं कानरखेड़ी स्थित पंप हाउसों से क्रमशः 21,077 हेक्टेयर एवं 28,723 हेक्टेयर क्षेत्र में पाइपलाइन आधारित सिंचाई व्यवस्था विकसित की जा रही है। परियोजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बांध का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रभावित क्षेत्रों में राजगढ़ जिले के 34, गुना जिले के 8, भोपाल जिले के 18 तथा सीहोर जिले के 3 ग्रामों में लगभग 90 प्रतिशत भू-अर्जन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परियोजना से प्रभावित लगभग 1,675 परिवारों के पुनर्वास हेतु ग्राम मऊ एवं बड़ाबड़ला में सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त पुनर्वास कॉलोनियों का निर्माण भी किया जा चुका है।परियोजना के शेष निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### कार्य उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि "सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना केवल एक बांध निर्माण नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। इसके पूर्ण होने से हजारों किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, भू-जल स्तर में सुधार आएगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार एवं किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी प्राथमिकता है कि परियोजना के सभी कार्य उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हों ।

## सागौन की लकड़ी की खबर, मौके पर नहीं मिला सबूत

# लीक हुई फाइल या सोई हुई खुफिया तंत्र? बुरादे पर सिमट गया वन विभाग का छापा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सुठालिया

वन माफिया के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का दावा करने वाला वन विभाग खुद कटघरे में है। गोपनीय इनपुट के आधार पर की गई कार्रवाई महज खानापूर्ति बनकर रह गई। टीम जब संदिग्ध कारखानों पर पहुंची तो वहां अवैध सागौन की जगह सिर्फ लकड़ी का बुरादा मिला। कई इकाइयां तो पहले से ही बंद मिलीं।

### छापे से 4 घंटे पहले अलर्ट कैसे?

विभागीय सूत्रों की मानें तो छापामार दल के रवाना होने से करीब 4 घंटे पूर्व ही कारखाना संचालक सक्रिय हो गए थे। रातों-रात ट्रकों के जरिए लाखों रुपये की अवैध लकड़ी को ठिकाने लगा दिया गया। वन्य अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एक रात में 5 लाख रुपये से अधिक का अवैध परिवहन सीधे शासकीय राजस्व को चूना है।

### सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह: 'इनसाइडर' कौन?

छापे की रूपरेखा महज 6-7 वरिष्ठ अधिकारियों तक सीमित थी। बावजूद इसके सूचना का लीक होकर माफिया तक पहुंचना विभागीय सुरक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पर्यावरण कानून के जानकारों का कहना है, "इस स्तर की सटीक जानकारी बिना आंतरिक सांठगांठ के बाहर नहीं जा सकती।"

### मौके की तस्वीर: सिर्फ दस्तावेज कोई माल नहीं

वन परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बुरादे के नमूने लिए और स्टॉक रजिस्टर, बिल-बही की जांच की। मौके से न तो कोई अवैध इमारती लकड़ी मिली और न ही कोई आरोपी पकड़ा जा सका।

### एक्सपर्ट व्यू: 'यह नाकामी नहीं, सिस्टम की सेंध है'

वरिष्ठ वन्यजीव कार्यकर्ता का कहना है कि जब भी कोई बड़ी कार्रवाई फुस्स होती है, तो उसका मतलब साफ है। विभाग के भीतर बैठे मुखबिर ही माफिया को 'सुरक्षित निकास' दे रहे हैं।

### ऐसा कुछ नहीं मिला...

हमें कारखानों पर ऐसा कुछ मिला नहीं है, हमने सभी के डाक्यूमेंटस चैक किए हैं।

-दिनेश यादव, एसडीओ राजगढ़

## कुडालिया डेम के पास हादसा

# सड़क हादसे में अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपस्थ कुडालिया डेम के पास शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवती की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजाहहेड़ी निवासी पार्वती पिता सुल्तान सिंह 28 वर्ष अपनी सहेली के साथ नलखेड़ा की ओर से जीरापुर आ रही थीं। इसी दौरान जीरापुर की ओर से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पार्वती को तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बाहर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही पार्वती ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## ग्वालियर रेफर किया

# अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर घायल

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बल्लापुर गांव के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक द्वारा तेजी और लापरवाही से बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस भीषण सडक़ हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक को नाजुक हालत में ग्वालियर अस्पताल रेफर किया गया था। लंबे समय तक अस्पताल में इलाज कराने के बाद पीड़ि मुन्ना सहरिया (60) ने अब कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी मुन्ना सहरिया निवासी मंगराना अपने साथी बबुआ सहरिया और लखन सहरिया के साथ बाइक से गुना आ रहे थे। तभी बल्लापुर के पास सामने से बार-बार लाइट का डिपर मारते हुए आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सडक़ किनारे गिरकर लहूलुहान हो गए। 108 एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल लाया, जहां से गंभीर रूप से चोटिल मुन्ना को ग्वालियर अस्पताल रेफर किया।

## प्रताप छात्रावास मेले में गुंडागर्दी

# फरीदाबाद के दुकानदार से लाखों की अवैध वसूली, पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर के प्रताप छात्रावास मैदान में चल रहे डिज्नीलैंड मेले और मीना बाजार में दुकानदारों से अवैध वसूली और गुंडागर्दी का एक गंभीर मामला सामने आया है। मेले में सॉफ्टी आइसक्रीम की दुकान लगाने वाले फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी पीड़ित तेजपाल पाल ने सिटी कोतवाली पुलिस को शिकायती आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि मेले की आधिकारिक अनुमति अमर जैन के नाम पर है, लेकिन स्थानीय रसूखदार महेंद्र सिंह जादौन उर्फ गुड्डु और विजेंद्र सिंह पवैया उर्फ बंटी पवैया द्वारा मेले में जबरन गुंडागर्दी कर अवैध वसूली की जा रही है। पीड़ित तेजपाल ने बताया कि मेले का मैनेजर ओम लोढ़ा रोजाना उसकी दुकान से पैसे वसूल कर ले जाता है और वह पिछले दो महीनों में कुल 3,41,100 रुपये जमा कर चुका है। इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद अब उससे और पैसों की मांग की जा रही है। पैसे देने से मना करने पर आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसका सारा पैसा हड़प लिया है, जिसके कारण अब उसके पास घर लौटने और अपने कारीगरों को मजदूरी देने तक के पैसे नहीं बचे हैं। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपने पैसे वापस दिलवाने की मांग की है।

## सिविल अस्पताल में एक दिन में हुए..

# 10 सफल ऑपरेशन, टू-कट गन बायोप्सी और जटिल ट्यूमर सर्जरी बनी उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय सिविल अस्पताल में शनिवार को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई। वरिष्ठ सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली के नेतृत्व में अस्पताल की सर्जिकल टीम ने एक ही दिन में नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग मरीजों तक के कुल 10 सफल ऑपरेशन किए। इनमें क्षेत्र में पहली बार बिना चीरे की टू-कट गन बायोप्सी तथा स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर (कैंसर संदिग्ध) का जटिल ऑपरेशन प्रमुख रहा।अस्पताल की सर्जिकल टीम में ओटी इंचार्ज अर्चना खटक, भावना, गौतम एवं रूप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तीन साल पुराने स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, उदनखेड़ी निवासी आजाद पिछले तीन वर्षों से स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर के कारण हाथ, गर्दन और नसों में असहनीय दर्द से पीड़ति थे। डॉ. अंकुर देशवाली ने सफल मेजर सर्जरी कर ट्यूमर को निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज को लंबे समय से चले आ रहे दर्द से राहत मिली है। निकाले गए ट्यूमर को बायोप्सी के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे का उपचार तय किया जाएगा।

### सारंगपुर में पहली बार टू-कट गन बायोप्सी

महिला मरीज पार्वती बाई के स्तन में बड़ी गांठ की जांच के लिए इंदौर से विशेष टू-कट गन मंगाई गई। इसके माध्यम से बिना चीरा लगाए और बिना टांके के बायोप्सी की गई। प्रक्रिया सफल रहने के बाद मरीज को उसी दिन सुरक्षित डिस्चार्ज कर दिया गया।

### अन्य सफल ऑपरेशन



6 दिन की नवजात बच्ची अभीला का पेरी-एनल टैग का सफल ऑपरेशन। 3 वर्षीय हसनन के मुंह की म्यूकोसा रिटेंशन सिस्ट हटाई गई। 10 वर्षीय अक्षा के घुटने का मस्सा (वॉर्ट) सफलतापूर्वक निकाला गया। 25 वर्षीय कीर्ति के शरीर से मल्टीपल लाइपोमा (चर्बी की गांठें) हटाई गईं। महिला मरीज नसीम के स्तन की सिस्ट निकालकर बायोप्सी के लिए भेजी गई। भूरीबाई की कांख में मौजूद मल्टीपल लिम्फ नोड्स का जटिल ऑपरेशन कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया। इसके अलावा अन्य आवश्यक शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं भी सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।

### मरीजों को मिली राहत

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, सभी 10 ऑपरेशन सफल रहे और सभी मरीज सुरक्षित हैं तथा तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। इंदौर जैसी सुविधाओं को सारंगपुर सिविल अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने से क्षेत्र के गरीब एवं मध्यमवर्गीय मरीजों को बड़ी राहत मिली है। डॉ. अंकुर देशवाली एवं उनकी पूरी सर्जिकल टीम के इस प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

# यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मध्यप्रदेश में यूआईडीएआई द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र केवल इंदौर और भोपाल में ही थे। इन दोनों आधार सेवा केंद्र पर आम जनता का इतना विश्वास है की प्रदेश के कोने कोने से नागरिक यहां अपने आधार सम्बंधित कार्य के लिए आते है। जनता के इस भरोसे को देखते हुए भारत सरकार ने एक पहल की है की देश के लगभग हर जिले में यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र शुरू किये जाएँ।

इसी कड़ी में राजगढ़ के यूआईडीएआई आधार सेवा केंद्र का लोकार्पण शनिवार को विधायक राजगढ़ अमरसिंह यादव द्वारा किया गया। यूआईडीएआई स्टेट ऑफिस भोपाल से उप निदेशक धर्मवीर कुशवाह ने अवगत कराया यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन कार्यरत रहेगा। वर्तमान में मध्यप्रदेश में यूआईडीएआई के 12 आधार सेवा केंद्र कार्यरत हैं और अगले तीन महीनो में, 24 और जिलों में नए आधार सेवा केंद्र शुरू हो जाएंगे। यूआईडीएआई से राज्य परियोजना प्रबंधक निकेत दीवान ने बताया कि ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की भी व्यवस्था है, ताकि नागरिक अपनी सुविधानुसार समय पर आ कर, बिना ज्यादा इंतजार के, अपना आधार सम्बंधित कार्य करा सकते हैं।

# एबीवीपी का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न, आयुष बने नगर अध्यक्ष



**सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मध्यभारत प्रांत के राजगढ़ जिले की नगर इकाई सारंगपुर द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में नगर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रांत सह मंत्री कु. उमा वैष्णव, जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं सारंगपुर भाग संयोजक तुषार चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, अनुशासन, दायित्व बोध एवं संगठन विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्तावना, परिसर कार्य, सदस्यता अभियान, समारोह सत्र सहित विद्यार्थी परिषद की कार्ययोजना और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा विद्यार्थी हित में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना रहा। इस अवसर पर एबीवीपी सारंगपुर नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। घोषित कार्यकारिणी में आयुष चौहान को नगर अध्यक्ष एवं ज्योत्सना कासानिया को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा जयेश पटेल, राजेंद्र राजपूत एवं तृप्ति शर्मा को नगर सह मंत्री बनाया गया। पवन राजपूत को महाविद्यालय प्रमुख, अरविंद वर्मा को सह प्रमुख, कुलदीप सिंह दरबार को नगर विद्यालय प्रमुख, विकास दरबार को एसएफडी प्रमुख, लोकेश मालवीय को एसएफएस प्रमुख, प्रीति मालवीय को कला मंच प्रमुख, अरुण भिलाला को खेलो भारत प्रमुख तथा श्वेता मालवीय को सह प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं को भी नगर कार्यकारिणी में विभिन्न जिम्मेदारियां प्रदान की गईं।प्रशिक्षण शिविर के समापन पर संगठन पदाधिकारियों ने नवदायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी हित एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## प्रशासन और आबकारी विभाग की अनदेखी या फिर मनमानी से खेल जारी

# शराब माफिया ने ब्यावरा-पड़ोनिया शराब ठेके पर मचा रखी लूट, दाम लिखा 120 और बेच रहे 150 रुपए में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग की नाक के नीचे ब्यावरा बायपास पड़ोनिया कम्पोजिट शराब ठेके पर उपभोक्ताओं से सरेआम अवैध वसूली का मामला सामने आया है। नियमों को ताक पर रखकर यहाँ शराब तय कीमत से कई गुना ऊंचे दामों पर बेची जा रही है और विरोध करने पर ग्राहकों के साथ बदतमीजी की जा रही है। इस प्रकार शराब माफियाओं ने सरेआम लूट मचा रखी है।

### क्या है पूरा मामला?

षहर के पड़ोनिया कम्पोजिट शराब ठेके पर जब ग्राहक बियर की केन खरीदने पहुंचा तो कर्मचारी ने उससे सीधे 150 रुपये में बेची। जबकि पावर केन 120 रुपये की है। जब जागरूक ग्राहक ने इस ओवररेटिंग का विरोध किया और कहा कि इस पर तो 120 रुपये लिखे हैं तो ठेके के कर्मचारी ने दादागिरी दिखाते हुए साफ कह दिया यहाँ तो 150 रूपये में ही मिलेगी लेना हो तो लो वरना चलते बनो।

### बिल मांगने पर खड़े किए हाथ

हद तो तब हो गई जब ग्राहक ने इस मनमानी कीमत का पक्का बिल मांग लिया। डिजिटल इंडिया और पारदर्शिता के दावों के बीच ठेके के कर्मचारियों ने बिल देने से साफ इनकार कर दिया। बिना बिल के ऊंचे दामों पर शराब बेचना न सिर्फ उपभोक्ता अधिकारों का हनन है बल्कि यह सीधे-सीधे बड़े पैमाने पर सरेआम ओवर रेट में बेची जा रही है शराब।




### हाइवे के नियमों की भी उड़ी धज्जियां

विवादों से घिरे इस ठेके की लोकेशन पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और सरकार के सख्त दिशा-निर्देशों के बावजूद यह पड़ोनिया, कंसोर कलां, बईहेड़ा, काचरी जोड़, किलखेड़ा शराब दुकान हाइवे से महज 10 से 20 मीटर की दूरी पर सरेआम खुली हुई है। नियमों के मुताबिक हाइवे के पास शराब दुकानों के संचालन को लेकर कड़े मापदंड हैं लेकिन यहाँ सारे नियम-कायदे बौने साबित हो रहे हैं।

### आखिर जिम्मेदार मौन क्यों?

बायपास फोर लाइन पड़ोनिया शराब ठेके पर चल रही इस खुली लूट से क्षेत्र के नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी मनमानी संभव नहीं है। जब इन लोगों द्वारा सरेआम लूट की जा रही है, तो विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यो हो जाते है, क्या इनकी संरक्षण में ही इस प्रकार का काला खेल चल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन इस ठेके पर कार्रवाई करेगा? या फिर यह अवैध वसूली और ओवररेटिंग का खेल ऐसे ही बदस्तूर जारी रहेगा?

### जांचकर कार्रवाई...

आपसे जानकारी प्राप्त हुई है टीम को भेज कर जांच करवाते है और कार्यवाही करते हैं।

-रितेश लाल
जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस

# शीर्ष अर्थव्यवस्था में सहकारिता की भूमिका अहम, मिला सम्मान

**गुना।** स्थानीय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गुना में सहकार भारती इकाई के तत्वाधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक डॉ. लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस मौके पर जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रही विभिन्न सहकारी समितियों को शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता इतना बड़ा विषय है जिसके बिना न सृष्टि चल सकती है और न ही हमारा शरीर। यदि शरीर का कोई एक अंग काम करना बंद कर दे तो पूरा शरीर बेकार हो जाता है, इसी तरह सहकारिता को भी शरीर की तरह स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में जो विकृतियां आई हैं, सहकार भारती उनके शुद्धिकरण का प्रयास कर रही है। उन्होंने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि यदि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व की प्रथम अर्थव्यवस्था बनाना है, तो सभी को सहकारिता के क्षेत्र में आकर पूरी ईमानदारी से कार्य करना होगा, जिससे हर व्यक्ति स्वावलंबी और आर्थिक रूप से संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता मंत्रालय का गठन कर इसकी कमान गृहमंत्री अमित शाह को सौंपी है।

अध्यक्षता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बारेलाल धाकड़ नरेंद्र ने की। विशिष्ट अतिथि सहकारिता विभाग के ऑडिटर नवीन शर्मा, विजय गुप्ता, सहकार भारती के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर किरार एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव मंचासीन रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी करेगी किसानों के हित में आंदोलन

**पिपरिया।** पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र एवं विधानसभा क्षेत्र में लगातार किसानों को फसल लगाने से लेकर भुगतान तक खाद डीएपी खाद यूरिया खाद लेनें के लिए अब मंडी में भी लाइन लगाकर प्रवेश पर्ची दी जा रही है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी गई थी।उसका भुगतान नहीं किया गया है।और अब समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की जा रही है। जिसमें कुल 25% मूंग खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। तथा कुल दो सेंटर ही बनाए गए हैं।वह भी अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रबंधक के अनुसार अभी टेंग बार दाने सर्वेयर नियुक्त नहीं किया गया है। कुल मिलाकर अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है।होने की अपील की गई है ।

### सीहोर बाइज ने 4-3 से आरएसआई को हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जूनियर वर्ग के शानदार मुकाबले में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 4-3 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच में सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब ने सीहोर एमजी क्लब को 5-3 के अंतर से हराया। गुरुवार की शाम को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आदित्य ने 2 गोल, युवराज-प्रतीक ने 1-1 गोल किया।

### खापरखेड़ा पंचायत में हुआ भूमि पूजन

**पिपरिया।** ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के सरपंच सुलभ गोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक एवं स्टाफ के द्वारा पंचायत में लगातार विकास कार्य में बढ़ोतरी की जा रही है।जो कार्य किसी सरपंच ने नहीं कराएं है।वह कराएं जा रहें हैं। बरसात होने के पूर्व सभी नालों नाली को मशीन से साफ़ किया गया है। श्मशान घाट में वृक्षारोपण कार्य किया गया है।अति सुन्दर बनाया गया है।

### सीएमओ ने किया बाजार क्षेत्र का निरीक्षण देखी व्यवस्थाएं

**नर्मदापुरम।** सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा सिटी कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला के साथ नगर के बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दुकान के बाहर रखी सामग्री को दुकानदारों से अंदर रखने की समझाइश दी।

### प्रशासन ने बिना उचित सुनवाई के दूसरे पक्ष को शनिवार को कब्जा दिया

# जमीन विवाद पर बवाल, पीड़ित बोले बिना सुनवाई के प्रशासन ने दिलवा दिया कब्जा

रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए, फिर भी उनकी बात को अनसुना कर दिया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दोराहा/अहमदपुर

जिले की श्यामपुर तहसील के ग्राम निवारिया में जमीन को लेकर विवाद अब हाई-वोल्टेज टकराव में बदल गया है। एक ओर रजिस्ट्रीधारी महिला न्याय की गुहार लगा रही है, तो दूसरी ओर राजस्व प्रशासन अपनी कार्रवाई को पूरी तरह वैधानिक बता रहा है। मामला इतना गंभीर हो गया है कि अब प्रशासनिक कार्रवाई, दस्तावेजों की वैधता और न्यायिक आदेशों की व्याख्या सवालों के घेरे में आ गई है। गांव में इस विवाद ने सनसनी फैला दी है और लोग पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

#### महिला ने लगाया बिना सुनवाई कब्जा दिलाने का आरोप

ग्राम श्यामपुर निवासी रामकुंवर भाटी पत्नी सत्य नारायण भाटी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी स्वामित्व वाली भूमि पर प्रशासन ने बिना उचित सुनवाई के दूसरे पक्ष को शनिवार को कब्जा दिला दिया। उनका कहना है कि उन्होंने समय रहते लिखित आपत्तियां दर्ज कराईं, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए, फिर भी उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। रामकुंवर भाटी का आरोप है कि प्रशासन ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अनदेखी करते हुए एकतरफा कार्रवाई की है। उनके अनुसार उन्हें किसी भी स्तर पर नोटिस नहीं दिया गया और न ही अपना पक्ष रखने का समुचित अवसर मिला।

#### भूमि पर स्वामित्व और कब्जे का दावा

पीड़िता के अनुसार ग्राम निवारिया स्थित खसरा क्रमांक 379/68/1/2/1 रकबा 0.022 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक 379/68/1/2/2 रकबा 0.042 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि भूमि का डायवर्सन भी स्वीकृत कराया जा चुका है। महिला का कहना है कि उक्त भूमि पर वर्षों से उनका वैध कब्जा है। मौके पर सीमेंट पोल की की फेंसिंग, तारबंदी और ट्यूबवेल भी स्थापित है। ऐसे में अचानक दूसरे पक्ष को कब्जा दिलाने की कार्रवाई ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है।

#### आपत्ति के बाद रुकी थी कार्रवाई

रामकुंवर भाटी ने बताया कि 19 जून 2026 को राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी कब्जा कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे थे। उस समय उन्होंने लिखित आपत्ति के साथ सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए। उनका कहना है कि आपत्ति लेने के बाद अधिकारियों ने उस दिन कार्रवाई स्थगित कर दी थीं और पंचनामा भी तैयार किया गया था। मौके पर यह स्वीकार किया गया था कि भूमि पर उनका कब्जा है और उन्होंने दस्तावेज भी पेश किए हैं। यही कारण है कि परिवार को उम्मीद थी कि जांच पूरी होने तक कोई कार्रवाई नहीं होगी।

#### कलेक्टर को शिकायत, फिर भी कार्रवाई

पीड़ित परिवार के अनुसार 23 जून 2026 को कलेक्टर सीहोर को विस्तृत शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की गई थी। शिकायत में सीमांकन, बंटवारे और कब्जा प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। परिवार का आरोप है कि शिकायत लंबित रहने और जांच विचाराधीन होने के बावजूद 3 जुलाई को राजस्व अमला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और दूसरे पक्ष को कब्जा दिला दिया। इस कार्रवाई ने परिवार को हैरान कर दिया। उनका कहना है कि जब मामला कलेक्टर स्तर पर विचाराधीन था, तब इतनी जल्दबाजी में कार्रवाई समझ से परे है।

#### परिवार बोला-20 साल पुराना कब्जा

पीड़िता परिवार की सदस्य बबीता भाटी ने कहा कि यह जमीन लगभग 20 वर्षों से परिवार के कब्जे में है। जमीन उनकी सास रामकुंवर बाई के नाम पर रजिस्टर्ड है। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसीलदार और पुलिस बल की मौजूदगी में उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया गया। परिवार का कहना है कि प्रशासन ने दस्तावेज देखने के बावजूद उनकी आपत्तियों को अस्वीकार कर दिया। बबीता ने स्पष्ट कहा कि परिवार अब इस मामले में उच्च स्तरीय जांच और न्याय की मांग कर रहा है। वही मामले में श्यामपुर तहसीलदार श्याम चंदेल ने बताया कि आवेदक ने आवेद दिया था सिमांकन के बाद न्यायालय में सुनवाई कर कार्रवाई की जा रही है।

# कोटवार दल को मिलेगा पुलिस फोर्स जैसा प्रशिक्षण

### कानून व्यवस्था में निभाएंगे दायित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

जिले की आष्टा तहसील में ग्रामीण प्रशासन और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल की जा रही है। आष्टा तहसील के कोटवारों को संगठित कर उन्हें पुलिस बल की तर्ज पर प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे प्रशासन और पुलिस का प्रभावी सहयोग कर सकें। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपात परिस्थितियों में सहयोग उपलब्ध कराने प्रशासनिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित बनाना है। आष्टा तहसीलदार रामलाल पगारे के मार्गदर्शन में कोटवार दल को अनुशासन, टीम भावना, सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान उन्हें परेड, अनुशासित संचालन, भीड़ प्रबंधन, प्रशासनिक सहयोग, आपदा की स्थिति में प्राथमिक प्रतिक्रिया तथा परिस्थितियों में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की जानकारी दी जा रही है। कोटवारों निर्धारित यूनिफॉर्म एक संगठित दल के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेंगे।प्रशिक्षित कोटवार दल का उपयोग प्रमुख त्योहारों, धार्मिक आयोजनों, मेलों, जुलूसों और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में किया जाएगा। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, प्रशासनिक अभियानों, शांति व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा अनावश्यक विवादों और तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी यह दल पुलिस एवं प्रशासन के सहयोगी के रूप में सक्रिय भूमिका निभाएगा। आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना संकलन और प्रशासन तक त्वरित जानकारी पहुंचाने का दायित्व भी यह दल निभाएगा।तहसीलदार श्री रामलाल पगारे ने बताया कि कोटवार ग्रामीण प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण देकर उनकी कार्यक्षमता और उपयोगिता को बढ़ाया जा रहा है, जिससे वे प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सकें। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर, तहसीलदा की पहल की सराहना करते हुए कहा कि कोटवार शासन-प्रशासन की आधारभूत इकाई हैं। उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण और अनुशासित कार्यप्रणाली से जोड़ने से प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विभिन्न अवसरों पर पुलिस और प्रशासन को प्रभावी सहयोग मिलेगा।

# मंनोज गोपी सेठी संयोजक और अमन जैन उपसंयोजक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा





नगर में साधु संतों के आगमन के साथ समिति द्वारा चातुर्मास की भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही है। श्री दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर पर होने जा रहे। समाधि सम्राट मुनि भूतबलि सागर महाराज के परम शिष्य मुनि श्री मुनि सागर महाराज व ऐलक श्री मंथन सागर महाराज व आचार्य सुबल सागर महाराज के परम शिष्य मुनि अभेद सागर व आष्टा नगर गौरव मुनि श्री अगर्भ सागर महाराज ससंघ के चातुर्मास व्यवस्थाओ को लेकर दिगम्बर जैन पंचायत समिति व मुनि सेवा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सहमति से धार्मिक कार्यो में सदैव अग्रणीय रहने वाले मंनोज गोपी सेठी को चातुर्मास के संयोजक व अमन जैन एडवोकेट को उप संयोजक नियुक्त किया गया। दोनो के नेतृत्व में चातुर्मास में धार्मिक वातावरण के साथ विभिन्न आयोजन सम्पन्न होंगे। उनके नियुक्त होने पर समाज के संरक्षकगण पवन जैन, धनरूपमल जैन, रमेश जैन, मुकेश बडज़ात्या, मंनोज सुपर, पूर्व संरक्षक दिलीप सेठी, डॉ जैनपाल जैन, अनूप जैन कचरू, अध्यक्ष आनंद जैन, महामन्त्री कैलाश जैन, सन्दीप जैन, नीलबड धीरज जैन, अवि जैन, विकाश जैन, राहुल सेठी, अक्षय जैन, अरिहन्त जैन, मुकेश जैन, मनीष पोरवाल, संजय जैन, जोधपुरी धीरज, लड्डू आदि ने शुभकामनायें दी है।

# कर्मशीलता से सुफल की प्राप्ति होती है: परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




सेवा निवृत्त सहायक संचालक का निवृत्ति दिवस भव्यता से मनाया गयाशिक्षा विभाग में 40 वर्ष तक सेवारत रह कर सहायक संचालक के पद से सेवा निवृत्त हुए सी एल पेठारी का निवृत्ति दिवस बड़ी संख्या में जुटे मित्रों शुभचिंतकों और परिजन ने सियाराम पैलेस के प्रांगण में भव्यता से मनाया ।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार , प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति,समाजसेवी मनोज तिवारी, धर्मेंद्र बोयत आदि मित्रगण के साथ ही विशाल संख्या में जुटे शिक्षकगण सहकर्मी और रिश्तेदारों ने श्री पेठारी का पुष्पमाला ,गुलदस्तों से अभिनन्दन करते हुए उनके उत्कृष्ट सेवा काल को याद किया ।

इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार तथा प्रभुप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति ने श्री पेठारी को श्रीमद भागवत गीता भेंट की तथा उनके मधुर व्यवहार कुशल कार्यशैली और सदैव उपलब्धता की प्रशंसा करते हुए कहा किश्री पैठारी ने पूर्ण मनोयोग से शासकीय सेवा करते हुए समाज में एक अनुशासित अधिकारी की मिसाल प्रस्तुत की।

उन्होंने निरन्तर प्रगति करते हुए यह मुकाम हासिल किया। अब आगे के जीवन में उनसे अपेक्षा है कि गीता में भगवान कृष्ण द्वारा दी गई शिक्षा के अनुरूप लगातार कर्म करते जाएं, कर्म करते रहने से व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है वहीं समाज भी लाभान्वित होता है। उपस्थितजन ने सेवा निवृत अधिकारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर समिति ने किया विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर सम्मान समारोह समिति के तत्वाधान में रविवार को कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों के सम्मान के साथ की गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संत माधवदास महाराज ने कहाकि कन्याओं की शिक्षा ही समाज के उत्थान का माध्यम है। उन्होंने कहाकि कन्याओं की शिक्षा मात्र एक व्यक्तिगत अधिकार नहीं, बल्कि एक संपूर्ण समाज के उत्थान, सशक्तिकरण और समृद्धि की सबसे मजबूत आधारशिला है। संतों और विचारकों का हमेशा से मानना रहा है कि शिक्षित नारी ही एक प्रबुद्ध और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह समिति की ओर से सुनील राय, मुन्न यादव आदि ने यहां पर मौजूद छात्राओं का सम्मान किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संत माधवदास महाराज ने कहाकि भारतीय संस्कृति में आदिकाल से ही नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। संतों की इस विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, आधुनिक युग में बालिका शिक्षा के महत्व को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में कक्षा एक से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहाकि विद्यालय हो या खेल का मैदान। हॉबी हो या ज्ञान। सब चीजें एक इंसान के अंदर नहीं हो सकतीं। समाज में एक ही इंसान है जो एक साथ सब कुछ दे सकती है। वह है मां। नैतिकता व गुणों को एक इंसान में ढालना, सही तरीके से कब क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

### विधायक पहुंचे दोनिया बापचा ग्राम, दुखी परिवारों से मिले



**आष्टा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दोनिया बापचा ग्राम के दो मासूम बच्चे जिनकी कल एक दर्दनाक घटना नहाने के दौरान बड़ली पर एक तलाई में नहाने के दौरान डूबने से दुखद मौत हो गई थी, आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम बापचा दोनिया पहुँचकर ग्राम के दोनो बच्चों के घर पहुच कर दुखी परिवारों से मिले उनके बीच पहुच कर दोनों बच्चों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । विधायक ने दोनों बच्चे जिनके एक ही नाम ₹समर₹ था,के परिवार के सभी सदस्यो के बीच पहुच कर दुखी परिवार के सदस्यो को सांत्वना दी एवं कहा की दुख की इस विकट घड़ी में में ओर हम सब परिवार के साथ है । कल घटी घटना की खबर सुनकर मन बहुत दुखी था,आज पीड़ति परिवार के सदस्यो से मिला एवं दोनों बच्चों के दुखद निधन पर बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर सरपंच अजाबसिंह ठाकुर भी साथ थे ।

### रिटायरमेंट के बाद आराम नहीं, समाज सेवा को बनाया जीवन का मिशन

# सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव, अंत नहीं: नमिता बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




सेवानिवृत्ति का अर्थ जिम्मेदारियों व कार्यो से मुक्ति नही है। यह केवल जीवन का एक पड़ाव है अंत नहीं। सेवानिवृत्ति के बाद हमें स्वयं के कार्यो का आंकलन करने का अवसर मिलता है। उक्त विचार शहर के मंडी स्थित सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल ने कहे। रविवार को सीहोर ब्लाक के खजुरिया कलां, करंजखेड़ा और मुहाली में लगातार 30 सालों से सचिव पद की जिम्मेदारी का ईमानदारी और कर्मठता से निभाने वाले सचिव मोहन चंद्रवंशी को पंचायत सचिव संगठन जनपद पंचायत सीहोर के तत्वाधान में भव्य रूप से विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर संगठन के ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम मेवाडा, महेश जायसवाल, विजय त्यागी, मंच का संचालन कर रहे लखन ठाकुर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने मंच पर मौजूद जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल, एपीओ गुलाब सिंह अहिरवार, बीपीओ अशोक मंगरोलिया, नर्मदा प्रसाद सूर्यवंशी, जनपद के बड़े बाबू उमाशंकर सेन आदि का सम्मान और स्वागत किया। इस मौके पर विदाई समारोह की शुरूआत भजन-कीर्तन के साथ की गई। वहीं जनपद सीईओ श्रीमती बघेल ने कहाकि विदाई समारोह किसी कर्मचारी के वर्षो के समर्पण और कड़ी मेहनत को सम्मानित करने का एक विशेष अवसर होता है। जीवन की दूसरी पारी में सुखी, सम्पन्न और खुशहाल रहने की ईश्वर से कामना की। रविवार को पंचायत सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए मोहन चंद्रवंशी ने कहाकि रिटायरमेंट के बाद आराम नहीं करेंगे, वह पहले से ही गायत्री परिवार से जुड़े हुए थे और अब पूरी सक्रियता से गायत्री परिवार को नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण, जल संरक्षण और दहेज प्रथा उन्मूलन में सक्रिय रूप से जन-जागरूकता अभियान आदि सप्त सूत्रीय आंदोलनों को जन-जन तक पहुंचाने में अपना तन, मन व धन समर्पित रहेंगे।

# साइबर ठगी से बचाने के लिए पुलिस ने चलाया सेफ क्लिक 2.0 अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

साइबर अपराधों पर रोक लगाने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में रविवार को आष्टा थाने में 'सेफ क्लिक 2.0 के तहत साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में आष्टा तहसील के करीब 50 ग्राम चौकीदार शामिल हुए। थाना प्रभारी गिरीश दुबे और पुलिस स्टाफ ने उन्हें डिजिटल ठगी के नए तरीकों की जानकारी दी।पुलिस ने चौकीदारों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने गांवों में मुनादी कर लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके बताएं।इन ठगियों से सावधान किया। कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट, यूपीआई फ्राड, ओटीपी फ्राड, लोन एप फ्राड और इनवेस्टमेंट स्केम जैसी ठगियों के बारे में विस्तार से बताया गया।पुलिस ने आमजन के लिए जारी की। बताया कि सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित करें - 2-स्टेप वेरिफिकेशन जरूर चालू करें। ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। 3 घंटे के अंदर शिकायत करने पर पैसा वापस मिलने की संभावना ज्यादा रहती है।ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।नजदीकी थाने में लिखित शिकायत दें। पुलिस ने अपील की है कि कोई भी संदिग्ध कॉल या मैसेज आने पर सतर्क रहें और तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें।